आदि धरम की कीधी हो,
भर्तक्षेत्र सर्पणी काल में।
प्रभु जुगला धरम निवार,
पहिला नरवर मुनीवर हो।
तीर्थंकर जिनहुआ केवली,
प्रभु तीरथ थाप्या चार ॥श्री०॥२॥

मा "मरुदेवी" थारी हो,
गज हौदे मुक्ति पधारिया।
तुम जनम्या हो प्रमाण,
पिता "नाभिम्हाराजा" हो।
भव देव तणो करी नर थया,
प्रभु पाम्यां पद निरवाण ॥श्री०॥३॥

भरतादिक सो नंदन हो,
वेपुत्री "ब्राह्मी" "सुंदरी"।
प्रभु ए थारां अंगजात,
सघला केवल पाया हो।

समाया अविचल जोत में,
कांइ त्रिभुवन में विख्यात ॥श्री०॥४॥

इत्यादिक वहु तारया हो,
जिन कुल प्रभु तुम ऊपन्या।
कांइ आगम में अधिकार,
और असंख्य तारया हो।
उद्धारया सेवक आपरा,
प्रभु सरणा ई आधार ॥श्री०॥५॥

अशरण शरण कहीजे जो,
प्रभु विरद विचारो साहिवा।
कांइ कहो गरीव निवाज,
शरण तुम्हारी आयो हो।
हूँ चाकर जिन चरना तणो,
म्हारी सुणिये अरज अवाज ॥श्री०॥६॥

तू करुणाकर ठाकुर हो,
प्रभ धरम दिवाकर जग गुरु।

कांइ भव दुःख दुष्कन टाल,
"विनयचंद" ने आपो हो।
प्रभु निजगुण संपतशाश्वती,
प्रभु दीनानाथदयाल ॥श्री०॥७॥

२–श्री अजितजिन–स्तवन

(कुविसन मारग माथे रे धिग–यह देशी)

श्री जिन अजित, नमूं जयकारी,
तुम देवन को देवजी,
जयशत्रु राजा ने विजया राणी को,
आतमजात तुमेव जी।
श्री जिन अजित नमूं जयकारी ॥टेर॥१॥

दूजा देव अनेरा जगमें,
ते मुझ दाय न आवेजी।
तह मन तह चित्त हमने,
तूहिज अधिक सुहावेजी ॥श्री॥२॥

सेव्या देव घणा भव भव में,
तो पिण गर्ज न सारी जी।
अब के श्री जिनराज मिल्यो तू,
पूरण परउपकारी जी ॥श्री॥३॥

त्रिभुवन में जस उज्ज्वल तेरो,
फैल रह्यो जग जाने जी।
वंदनीक पुजनीक सकल को,
आगम एम बखाने जी ॥श्री॥४॥

तू जग जीवन अंतरजामी,
प्राण अधार पियारो जी।
सवविधि लायक संतसहायक,
भक्त वत्सल व्रत थारो जी ॥श्री॥५॥

अष्ट सिद्धि नव निद्धि को दाता,
तो सम और न कोई जी।
वधे तेज सेवक को दिन-दिन,
जेथतेथ जय होई जी ॥श्री॥६॥

अनंत-ज्ञान-दर्शन संपति ले,
ईश भयो अविकारी जी ।
अविचलभक्ति 'विनयचंद' को दो,
जाणूं रीझ तुम्हारी जी ॥श्री॥७॥

३-श्री संभवजिन-स्तवन

(आज म्हारा पारसजीने चालो बदन जइए-यह देशी)

आज म्हारा संभव जिनका,
हित चितसूँ गुण-गास्यां ।
मधुर-मधुर स्वर राग अलापी,
गहरे शब्द गुंजास्यां राज ।
आज म्हारा संभव जिनका,
हित चितसूँ गुण गास्यां ॥आ०॥१॥
नृप "जीतारथ" 'सेन्या" राणी,
तासुत सेवकथास्यां ।
नवधा भक्तिभाव सों करने,
प्रेम मगन हुइ ज्ञास्यां राज ॥आ०॥२॥

मन वच काय लाय प्रभु सेती,
निसदिन सास उसास्यां।
संभव जिनको मोहनी मूरति,
हिये निरन्तर ध्यास्यां राज ॥आ०॥३॥

दीन दयाल दीन बंधू के,
खानाजाद कहास्यां।
तन-धन प्राण समरपी प्रभु को,
इनपर वेग रिझास्यां राज ॥आ०॥४॥

अष्ट कर्म दल अति जोरावर,
ते जीत्या सुख पास्यां।
जालम मोहमार को जामें,
साहस करी भगास्यां राज ॥आ०॥५॥

ऊवट पंथ तजी दुरगति को,
शुभगति पंथ समास्यां।
आगम अरथ तणे अनुसारे,
अनुभव दसा जगास्यां राज ॥आ०॥६॥

काम क्रोध मद लोभकपट तजि,
निज गुणसूँ लवलास्यां।
'विनयचंद' संभव जिन तूठ्याँ,
आवागवन मिटास्यां राजा ॥आ०॥७॥

४-श्री अभिनन्दनजिन-स्तवन

(आदर जीव क्षमा गुण आदर-यह देशी)

श्री अभिनंदन दुःख निकन्दन,
बन्दन पूजन योग जी।
आसा पूरो चिन्ता चूरो,
आपो सुख आरोग जी ॥श्री०॥१॥
"संवर" राय "सिधारथ" राणी,
तेहनो आतम जातजी।
प्राण पियारो साहब सांचो,
तूही मातने तातजी। ॥श्री०॥२॥
कइयक सेव करें शंकर की,
कइयक भजें मुरार जी।

गणपति सूर्य उमा कइ सुमरें,
हूँ सुमरुं अविकारजी ॥श्री॥३॥

देव कृपा सूँ पामें लक्ष्मी,
सो इण भव को सुक्ख जी।

तो तूठॉ इन भव पर भवमें,
कदी न व्यापे दुःखजी ॥श्री०॥४॥

यद्यपि इन्द्र नन्रेद्र निवाजे,
तद्यपि करत निहालजी।

तू पुजनीक नरेन्द्र इन्द्रको,
दीन दयाल कृपाल जी ॥श्री०॥५॥

जय लग आवागमन न छूटे,
तव लग ए अरदासजी।

सम्पति सहित ज्ञान समकित गुण,
पाऊं दृढ़ विश्वासजी ॥श्री०॥६॥

अधम उधारन विरद तिहारो,
जोवो इण संसारजी।

लाज 'विनयचन्द'की अव तोने,
भवनिधिपार उतारजी ॥श्री०॥७॥

५-श्री सुमतिजिन-स्तवन

(श्रीसितल जिन साहिवाजी-यह देशी)

सुमति जिणेसर साहिबाजी,
"मेघरथ" नृप नो नंद ।
"सुमंगला" माता तणो जी,
तनय सदा सुखकंद ॥
प्रभु त्रिभुवन तिलोजी ॥१॥

सुमति सुमति दातार,
महा महिमानिलोजी ।
प्रणमूं बार हजार,
प्रभु त्रिभुवन तिलोजी ॥प्रभु०॥२॥

मधुकर नो मन मोहियोजी,
मालती कुसुम सुवास ।

त्यूँ मुज मन मोह्यो सही,
जिन महिमा सुविमास ॥प्रभु०॥३॥
ज्यूँ पङ्कज सूरजमुखीजी,
विकसै सूर्य प्रकाश ।
त्यूँ मुज मनड़ो गहगहै,
सुनि जिन चरित हुलास ॥प्रभु०॥४॥
पपह्यो पीउ-पीउ करेजी,
जान वर्षाऋतु मेह ।
त्यूँ मो मन निसदिन रहै,
जिन सुमरन सूँ नेह ॥प्रभु०॥५॥
काम भोगनी लालसाजी,
थिरता न धरे मन्न ।
पिण तुम भजन प्रतापथी,
दाझै दुरमति वन्न ॥प्रभु०॥६॥
भवनिधि पार उतारियेजी,
भक्त वच्छल भगवान ।

'विनयचन्दकी' वीनती,
थें मानो कृपानिधान ॥प्रभु०॥७॥

६-श्री पद्मप्रभजिन-स्तवन

(श्याम कैसे गज को फन्द छुड़ायो-यह देशी)

प्रभु पावन नाम तिहारो,
पतित उद्धारन हारो ॥टेर॥

ढ धीवर भील कसाई,
अति पापिष्ठ जमारो।
तदपि जीव हिंसा तज प्रभु भज,
पावे भवनिधि पारो ॥पद्म॥१॥

गौ ब्राह्मण प्रमदा बालककी,
मोटी हत्याचारो।
तेहनो करणहार प्रभु-भजने,
होत हत्यासूँ न्यारो ॥पद्म॥२॥

वेश्या चुगल छिनार जुवारी,
चोर महा बटमारो।

जो इत्यादि भजें प्रभु तोने,
तो निवृते संसारो ॥पद्म॥३॥
पाप पराल को पुंज बन्यो,
अति मानो मेरु अकारो ।
ते तुम नाम हुताशन सेती,
सहजे प्रज्ज्वलत सारो ॥पद्म॥४॥
परम धर्म को मरम महारस,
सो तुम नाम उच्चारो ।
या सम मंत्र नहीं कोइ दूजो,
त्रिभुवन मोहन गारो ॥पद्म॥५॥
तो सुमरण विन इण कलयुग में,
अवर न कोइ अधारो ।
मैं वारी जाऊं तो सुमरन पर,
दिन-दिन प्रीत वधारो ॥पद्म॥६॥
"सुषमा राणी" को अंगजात तू,
"श्रीधर" राय कुमारो ।

'विनयचन्द' कहे नाथ निरञ्जन,
जीवन प्राण हमारो ॥पद्म॥७॥

७-श्री सुपार्श्वजिन-स्तवन

(प्रभुजी दीनदयाल सेवक सरणे आयो-यह देशी)

जिनराज सुपार्श्व,
पूरो आस हमारी ॥टेर॥
" नरेश्वर को सुत,
"पृथ्वी" तुम महतारी ।
सनेही साहिब सांचो,
सेवक ने सुखकारी ॥श्रीजिन०॥१॥
धर्म काम धन मोक्ष इत्यादिक,
मन वांछित सुख पूरो ।
बार-बार मुझ यही वीनती,
भव-भव चिंता चूरो ॥श्रीजिन०॥२॥
जगत् शिरोमणि भक्ति तिहारी,
कल्पवृक्ष सम जाणूं ।

पूरणब्रह्म प्रभु परमेश्वर,
भव-भव तुम्हें पिछाणूं ॥श्रीजिन०॥३॥
हूँ सेवक तू साहिब मेरो,
पावन पुरुष विज्ञानी ।
जनम-जनम जित-तिथ जाऊं तो,
पालो प्रीति पुरानी ॥श्रीजिन॥४॥
तारण-तरण सरण-असरण को,
विरद इसो तुम सोहे ।
तो सम दीनदयाल जगत में,
इन्द्र नरेन्द्र न को है ॥श्रीजिन०॥५॥
स्वयंभु रमण बडो समुद्र में,
शैल सुमेर विराजे ।
तू ठाकुर त्रिभुवनमें मोटो,
भक्ति किया दुःख भाजे ॥श्रीजिन०॥६॥
अगम अगोचर तू अविनाशी,
अलख अखंड अरूपी ।

चाहत दरस 'विनयचंद, तेरो,
सच्चिदानंद स्वरूपो ॥श्रीजिन०॥७॥

८-श्री चन्द्रप्रभजिन-स्तवन

(चोकनी-देशी)

जय जय जगत शिरोमणी,
हूं सेवक ने तू धणी ।
अब तोसूं गाढ़ी बणी,
प्रभु आशा पूरो हमतणी ॥
मुझ म्हेर करो,
चन्द्र प्रभू जग जीवन अन्तरजामी ॥टेर॥
भव दुःख हरो,
सुणिये अरज हमारी त्रिभुवन स्वामी
॥मुझ०॥१॥
"चन्द्रपुरी" नगरी हती,
"महासेन" नामा नरपति ।

राणी "श्रीलखमा" सती,
तस नन्दन तू चढ़ती रती ॥मुझ०॥२॥
तू सरवज्ञ महाज्ञाता,
आतम अनुभव को दाता।
तो तूठां लहिये साता,
धन्य जगत मे तुम ध्याता ॥मुझ०॥३॥
शिव सुख प्रार्थना करसूँ,
उज्ज्वल ध्यान हिये धरसूँ।
रसना तुम महिमा करसूँ,
प्रभु इण विध भवसागर तिरसूं ॥मुझ०॥४॥
चंद्र चकोरन के मन में,
गाज अवाज होवे घनमें।
पिय अभिलाषा ज्यों त्रियतनमें,
त्यों बसियो तू मो चितवनमें ॥मुझ०॥५॥
जो सुनजर साहिब तेरी,
तो मानो विनती मेरी।

फाटो फरम भरम मेरी,
प्रभु पुनरपि नहिं करूँ भव फेरी ॥मुझ०॥६॥
आतम-ज्ञान दशा जागी,
प्रभु तुम सेती लवलागी ।
अन्य देव भ्रमना भागी,
'विनयचंद' तिहारो अनुरागी ॥मुझ०॥७॥

९-श्री सुविधिजिन-स्तवन

(बुढापो वेरी आवियो हो-यह देशी)

"काकंदी" नगरी भली हो,
"श्रीसुग्रीव" नृपाल ।
"रामा" तस पटरागनी हो,
तस सुत परम कृपाल ॥
श्री सुविध जिणेसर वंदिये हो ॥टेर॥१॥
प्रभुता त्यागी राजनी हो,
लीधो संजम भार ।

निज आतम अनुभवथकी हो,
पाम्या पद अविकार ॥श्री०॥२॥
अष्ट कर्म नो राजवी हो,
मोह प्रथम क्षय कीन ।
सुध समकित चारित्रनो हो,
परम क्षायक गुणलीन ॥श्री०॥३॥
ज्ञानावरणी दर्शणावरणी हो,
अन्तराय कियो अन्त ।
ज्ञान दरशन बल ये तिहूँ हो,
प्रकटया अनन्तानन्त ॥श्री०॥४॥
अव्याबाध सुख पामिया हो,
वेदनी करम खपाय ।
अवगाहना अटल लही हो,
आयु क्षय कर जिनराय ॥श्री०॥५॥
नाम करम नो क्षय करी हो,
अमूर्त्तिक कहाय ।

अगुरु लघुपणो अनुभव्यो हो,
गोत्र करम मुकाय ॥श्री०॥६॥
अष्ट गुणाकर ओलख्यो हो,
जोति रूप भगवंत ।
"विनयचंद" के उरबसो हो,
अहोनिश प्रभु पुष्पदंत ॥श्री०॥७॥

१०—श्री शीतलजिन-स्तवन

"श्रीदृढरथ" नृप तो पिता,
"नंदा" थारी माय ।
रोम-रोम प्रभु मो भणी,
सीतल नाम सुहाय ॥
जय जय जिन त्रिभुवन धणी ॥टेर॥१॥
करुणानिध करतार,
सेव्या सुरतरु जेहवो ।
वाँछित सुख दातार ॥जय॥२॥

प्राण पियारा तुम प्रभु,
पतिवरता पति जेम ।
लगन निरंतर लगरही,
दिन-दिन अधिको प्रेम ॥जय०॥३॥

शीतल चंदन नी परे,
जपता निस-दिन जाप ।
विषय कषाय थी ऊपनी,
मेटो भव-दुःख ताप ॥जय०॥४॥

आर्त्त रौद्र परिणाम थी,
उपजे चिन्ता अनेक ।
ते दुःख कापो मानसिक,
आपो अचल विवेक ॥जय०॥५॥

रोगादिक क्षुधा तृषा,
शस्त्र अशस्त्र प्रहार ।
सकल शरीरी दुःख हरो,
दिलसूं विरद विचार ॥जय०॥

सुप्रसन्न होय शीतल प्रभु,
तू आसा बिसराम ।
"विनयचंद" कहे मो भणी,
दीजे मुक्ति मुकाम ॥जय०॥७॥

११-श्री श्रेयांशजिन-स्तवन

(राग-काफी-देसी-होरी नी)

श्रेयांश जिनन्द सुमररे ॥टेर॥

चेतन जाण कल्याण करन को,
आन मिल्यो अवसररे ।
शास्त्र प्रमाण पिछान प्रभू गुण,
मन चंचल थिर कररे ॥श्रे०॥१॥

सास उसास बिलास भजन को,
दृढ विश्वास पकररे ।
अजपाभ्यास प्रकाश हिये बिच,
सो सुमरन जिनवररे ॥श्रे०॥२॥

कंद्रप क्रोध लोभ मद माया,
ये सबही परहररे ।
सम्यक्दृष्टि सहज सुख प्रगटे,
ज्ञान दशा अनुसररे ॥धे०॥३॥

झूठ प्रपंच जोबन तन धन अरु,
सजन सनेही घररे ।
छिनमें छोड़ चले पर भव को,
बांध सुभासुभ थररे ॥धे०॥४॥

मानस जनम पदारथ जाको,
आसा करत अमररे ।
ते पूरब सुकृत कर पायो,
धरम-मरम दिल धररे ॥धे०॥५॥

'बिदसैन" "चिस्नाराणी" को,
नंदन तू न बिसररे ।
सहज मिटे अज्ञान अविद्या,
मुक्ति पंथ पग भररे

तू अविकार विचार आतम गुन,
भव-जंजाल न पर?रे ।
पुद्गल चाह मिटाय 'विनयचन्द',
ते जिन तू न अवररे ॥श्रे०॥७॥

१२–श्रीवासुपूज्यजिन–स्तवन

(तेरी फूलसी देह पलकमें पलटे-यह देशी)

प्रणमूँ वासुपूज्य जिन नायक,
सदा सहायक तू मेरो ।
बिषम वाट घाट भयथानक,
परमस्रिरे सरनो तेरो ॥प्रणमू०॥१॥
खलदल प्रबल दुष्ट अति दारुण,
जो चौ तरफ दिये घेरो ।
तो पिण कृपा तुम्हारी प्रभुजी,
अरियन होव प्रगटे चेरो ॥प्र०॥२॥
विकट पहार उजार बीच कोइ,
चोर कुपात्र करे हेरो ।

तिण बिरियां करिया तो सुमरण,
कोई न छीन सके डेरो ||प्र०||३||
राजा बादशाह जो कोइ कोपे,
अति तकरार करे छेरो ।
तदपि तू अनुकूल होय तो,
छिन में छूट जाय सब केरो ||प्र०||४||
राक्षस भूत पिशाच डाकिनी,
साकनी भय न आवे नेरो ।
दुष्ट मुष्ट छल छिद्र न लागे,
प्रभु तुम नाम भज्यां गहरो ||प्र०||५||
विस्फोटक कुष्टादिक संकट,
रोग असाध्य मिटे सगरो ।
विष प्यालो अमृत होय प्रगमें.
जो विश्वास जिनंद केरो ||प्र०||
मात 'जया' 'वसु' नृप के नन्दन,
तत्व जथारथ बुध प्रेरो।

वे कर जोरि 'विनयचंद' विनवे,
वेग मिटे मुझ भव फेरो ॥प्र०॥७॥

१३-विमलनाथजिन-स्तवन

(अहो शिवपुर नगर सुहामणो-यह देशी)

विमल जिनेश्वर सेविये,
थारी बुध निर्मल हो जायरे जीवा।
विषय-विकार बिसार ने,
तू मोहनी करम खपाय रे।
जीवा विमल जिनेश्वर सेविये ॥१॥

सूक्ष्म साधारण पणे,
परतेक बनस्पती मांयरे, जीवा।
छेदन भेदन तेंसही
मर-मर उपज्यो तिण कायरे ॥जी०॥२॥

काल अनंत तिहांभस्यो,
तेहना दुःख आगमथी संभालरे जीवा।

' ॥प्र०॥ -स्तवन देशी) ार्य रे जीवा। रे। सेविये ॥१॥ ेवा। ॥जी०॥ ,रे जीवा

पृथ्वी अप तेउ वायु में,
रह्यो असंख्य असंख्य कालरे ॥जी०॥३॥
एकेन्द्री सू बेन्द्री थयो
पुन्याइ अनंती वृद्धिरे, जीवा।
सर्भापचेन्द्री लग पुन्यबध्या,
अनंतानंत प्रसिद्ध रे ॥जी०॥४॥
देव नरक तिरयंच मे,
अथवा मानव भवबीचरे, जीवा।
दीन पणे दुःख भोगव्या,
इण चारों ही गति बीचरे ॥जी०॥५॥
भवके उत्तम कुल मिल्यो,
भेट्या उत्तम गुरु साधरे, जीवा।
सुण जिन वचन सनेह से,
समकित व्रत शुद्ध आराधरे ॥जी०॥६॥
पृथ्वीपति 'कृतभानु' को,
'श्यामाराणी' को कुमाररे जीवा

"विनयचंद" कहे ते प्रभु,
सिर सेहरो हिवड़ारो हाररे ॥जी०॥७॥

१४-श्रीअनन्तजिन-स्तवन

(वेगा पधारोरे महेलथी-यह देशी)

अनंत जिनेश्वर नित नमूं,
अद्भुत जोत अलेख।
ना कहिये ना देखिये,
जाके रूप न रेख ॥अनंत॥१॥

सूक्षम थी सूक्षम प्रभू,
चिदानंद चिद्रूप।
पवन शब्द आकाशथी,
सूक्षम ज्ञान सरूप ॥अनंत॥२॥

सकल पदारथ चिन्तवूं,
जे-जे सूक्षम होय।
तिणथी तू सूक्षम महा,
तो सम अवरन कोय ॥अनंत॥३॥

कवि पंडित कही-कही थके,
आगम अर्थ विचार।
तो पण तुम अनुभव तिको,
न सके रसना उचार ॥अनंत॥४॥

आपभणे मुख सरस्वती,
देयी आपो आप।
कही न सके प्रभु तुम सत्ता,
अलख अजप्पा जाप ॥अनंत॥५॥

मन बुध पाणी तो विषे।
पहुंचे नहीं लगार।
साखी लोकालोकनो,
निर्विकल्प निर्विकार ॥अनंत॥६॥

मा 'सुजसा' 'सिहरथ' पिता,
तस सुत 'अनंत' जिनंद।
"विनयचंद" अब ओलख्यो,
साहिब सहजानन्द ॥अनंत

१५–धर्मजिन–स्तवन

(आज नहेजोरे दोसै नाहलो–यह देशी)

धरम जिनेश्वर मुझ हिवडे वसो,
प्यारो प्राण समान।
कबहूँ न विसरूं हो चितारूं नहीं,
सदा अखंडित ध्यान ॥ध०॥१
ज्यूं पनिहारी कुम्भ न वीसरे,
नटवो नृत्य निदान।
पलक न विसरे हो पदमनि पियुभणी,
चकवी न विसरे भान ॥ध०॥२
ज्यूं लोभी मन धनकी लालसा,
भोगी के मन भोग।
रोगी के मन माने औषधी,
जोगी के मन जोग ॥ध०॥३
इण पर लागी हो पूरण प्रीतड़ी,
जाव जीव परियंत।

भव-भव चाहूँ हो न पड़े आंतरो,

तवन भव भंजन भगवंत ॥घ०॥३॥

लो-यह देगी) काम-क्रोध मद मत्सर लोभयो,

वसो, कपटी कुटिल कठोर।

इत्यादिक अवगुण कर हूं भर्यो,

नहीं, उदय कर्मके जोर ॥घ०॥४॥

॥घ०॥ तेज प्रताप तुमारो प्रगटे,

मुझ हिवड़ा में आर।

पुभणो, तो हूं आतम निज गुण संभालने,

॥घ०॥२ अनंत बली कहिवाय ॥घ०॥५॥

'भानू' नृप 'सुव्रता' जननी तणो,

अंगजात अभिराम।

॥घ०॥ 'विनयचंद' ने वल्लभ तू प्रभु,

शुध चेतन गुण धाम ॥घ०॥६॥

१६–श्री शांतिजिन–स्तवन

(प्रभुजी पधारो हो नगरी हमतणी–यह देशी)

"विश्वसेन" नृप "अचला" पटरानी,
तस सुत कुल सिणगार हो सौभागी।
जनमत शान्ति करी निज देसमें,
मरी मार निवार हो सौभागी।
शान्ति जिनेश्वर साहिब सोलमां ॥१॥
शान्तिदायक तुम नाम हो सौभागी।
तन मन बचन सुध कर ध्यावतां,
पूरे सघली आस हो सौभागी ॥२॥
विघन न व्यापे तुम सुमरन कियां।
नासे दारिद्र दुःख हो सौभागी.
अष्ट सिद्धि नव निद्धि पग पग मिले,
प्रगटे सगला सुख हो, सौभागी ॥३॥
जेहने सहायक शान्ति जिनंद तू,
तेहने कमीय न काय हो, सौभागी ॥४॥

जे जे कारज मन में तेवड़े,
ते-ते सफला थाय हो, सौभागी ॥४॥
दूर दिसावर देश प्रदेश में,
भटके भोला लोग हो, सौभागी ॥
सानिधकारी सुमरन आपरो,
सहज मिटे सहू सोक हो, सौभागी ॥५॥
आगम-सास्त्र सुणो छे एहवी,
जे जिण-सेवक होय हो, सौभागी ॥
तेहनी आशा पूरे देवता ।
चौसठ इन्द्रादिक सोय हो, सौभागी ॥६॥
भव-भव अन्तरयामी तुम प्रभू,
हमने छे आधार हो, सौभागी ॥
कर जोड़ "विनयचंद" विनवे,
आपो सुख थी कार हो, सौभागी ॥७॥

१७-श्री कुन्थुजिन-स्तवन

(रेखता)

कुंथु जिनराज तू ऐसो,
नहीं कोइ देव तो जैसो ।
त्रिलोकी नाथ तू कहिये,
हमारी बांह दृढ गहिये ॥कुंथु०॥१॥

भवोदधि डूबतो तारो,
कृपानिधि आसरो थारो ।
भरोसा आपका भारी,
विचारो विरुद उपकारी ॥कुंथु०॥२॥

उमाहो मिलन को तोसे,
न राखो आंतरो मोसे ।
जैसी सिद्ध अवस्था तेरी,
तैसी चैतन्यता मेरी ॥कुंथु०॥३॥

करम-भ्रम जाल को दपट्यो,
विषय सुख ममत में लपट्यो ।

भम्यो हूं चहुं गती माहीं,
उदयकर्म भ्रम की छांहीं ॥कुंथु०॥४॥

उदय को जोर है जौलों,
न छूटे विषय सुख तौलों।
कृपा गुरुदेव की पाई,
निजातम भावना भाई ॥कुंथु०॥५॥

सहज अनुभूति उरजागी,
सुरत निज रूप में लागी।
तुम्हीं हम एकता जाणूं—,
द्वैत भ्रम-कल्पना मानूं ॥कुंथु०॥६॥

"श्रीदेवी" 'सूर' नृप नन्दा,
अहो सरवज्ञ सुख कन्दा।
"विनयचन्द" लीन तुम गुन में,
न व्यापे अविद्या मन में ॥कुंथु०॥७॥

१८-श्री अरहनाथ जिन-स्तवन

(अलगी गिरनारी-वह देशी)

अरहनाथ अविनाशी शिव सुख लीधो,
विमल विज्ञान विलासी ॥साहब सीधो ॥१॥

चेतन भज तू अरह नाथने,
ते प्रभु त्रिभुवन राय।
तात 'सुदर्शन' 'देवी' माता,
तेहनो पुत्र कहाय ॥साहिब सीधो०॥२॥

क्रोड़ जतन करतां नहीं पामें,
एहवी मोटी माम।
ते जिन भक्ति करी ने लहिये,
मुक्ति अमोलक ठाम ॥सा०॥३॥

समकित सहित कियां जिन भगती,
ज्ञानदरसन चारित्र।
तप वीरज उपयोग तिहारा,
प्रगटे परम पवित्र ॥सा०॥४॥

मां नी कूंख कदरा
माँही उपना अवतारी ।
मालती कुसुम-मालीनी वांछा
जननी उरधारी ॥म०॥१॥

तिणथी नाम मल्लि जिन थाप्यो,
त्रिभुवन प्रिय कारी ।
अद्भुत चरित तुम्हारो प्रभुजी,
वेद धरयो नारी ॥म०॥२॥

परणन काज जान सज आए,
भूपति छः भारी ।
मिथिला पुर घेरी चौतरफा,
सेना विस्तारी ॥म०॥३॥

राजा "कुम्भ" प्रकाशी तुमपे,
बीती विधि सारी ।
छहुं नृप जान सजी तो परणन,
आया अहंकारी ॥म०॥४॥

महा असार उदारिक देही,
पुतली इव प्यारी।
संग किया भटके भव-दुःख में,
नारि नरक-वारी ॥म०॥९॥

भूपति छः प्रतिबोध मुनि हो,
सिद्धगति संभारी।
"विनयचंद" चाहत भव-भव में,
भक्ति प्रभू थारी ॥म०॥१०॥

२०-श्री मुनिसुव्रतजिन-स्तवन

(चेतरे चेतरे मानवी-यह देशी)

श्री मुनिसुव्रत साहिबा,
दीनदयाल देवाँ तणा देव के।
तारण तरण प्रभु मो भणी,
उज्ज्वल चित्त सुमरूं नितमेवके ॥श्री०॥१
हूँ अपराधी अनादि को,
जनम-जनम गुना किया भरपूर के।

न्द्रिया प्राण छः कायना,
सेविया पाप अठार करूरके। ॥श्री०२॥
एवं अशुभ कर्तव्यता,
तेहने प्रभू तुम न विचारके।
अधम उधारण विरुद छे,
सरण आयो अब कीजिये सारके ॥श्री०३॥
किंचित पुन्य परभावथी,
इण भव ओलख्यो श्रीजिन धर्मके।
निकलूं नरक निगोदथी,
पायो अनुग्रह करो परिब्रह्मके ॥श्री०४॥
साधुपणो नहिं संग्रह्यो,
श्रावक व्रत न किया अंगीकारके।
आदर्या तो न आराधिया,
तेहथी रुलियो हूं अनंत संसारके ॥श्री०५॥
एह समकित व्रत आदर्यो,
तेहने आराधी उतरूं भवपारके।

जनम जीतव सफलो हुवे,
इण पर विनवू बार हजारके ॥श्री०६॥
"सुमति" नराधिप तुम पिता,
धन धन श्री "पदमावती" मायके।
तस सुत त्रिभुवन तिलक तू,
बंदत "विनयचद" सीस नवाय के ॥श्री०७॥

२१–श्री नमिजिन–स्तवन

(सुणियोरे बाला कुटिल मंजारी तोता ले गइ–यह देशी)

सुज्ञानी जीवा भजलो जिन इकवीसवाँ
"विजयसेन" नृप "विप्राराणी",
नमीनाथ जिन जायो ।
चौसठ इन्द्र कियो मिल उत्सव,
सुर नर आनंद पायारे ॥सु०॥१॥
भजन किया भव-भवना दुष्कृत,
दुःख दुर्भाग्य मिट जावे ।
काम, क्रोध, मद मत्सर तृष्णा,
दुर्मत्ति निकट न आवेरे ॥सु०॥२॥

जीवादिक नव तत्व हिये धर,
हेय ज्ञेय समझीजे ।
तीजो उपादेय ओलखने,
समकित निरमल कीजेरे ॥सु०॥३॥

जीव अजीव बंध, ये तीनों,
ज्ञेय जथारथ जानो ।
पुन्य पाप आस्रव परिहरिये,
हेय पदारथ मानो रे ॥सु०॥४॥

संवर मोक्ष निर्जरा निज गुण,
उपादेय आदरिये ।
कारण कारज जाण भली विध,
भिन-भिन निरणोकरियेरे ॥सु०॥५॥

तू सो प्रभू प्रभू सो तू है,
द्वैत कल्पना मेटो ।
सत्चित आनंदरूप 'विनयचंद'
परमातम पद भेंटोरे ॥सु०॥६॥

२२–श्री नेमिजिन–स्तवन.

(नगरी खुब वर्णी छे जी--यह देशी)

श्रीजिनमोहन गारो छे,
जीवन प्राण हमारो छे।
"समुद्रविजय" सुत श्री नेमीश्वर,
जादव कुल को टीको।
रत्न कुक्ष धारिणी "शिवादे",
तेहनो नंदन नीको ॥श्री०॥१॥

सुन पुकार पशु की करुणा कर,
जानि जगत् सुख फीको।
नव भव नेह तज्यो जोबन में,
उग्रसेन नृप धी को ॥श्री०॥२॥

सहस पुरुष संग संजम लीधो,
प्रभुजी पर उपकारी।
धन-धन नेम राजुलकी जोड़ी,
महा बालब्रह्मचारी ॥श्री०३॥

बोधानंद सरूपानंद में,
चित एकाग्र लगायो ।
आतम-अनुभव दशा अभ्यासी,
शुक्लध्यान जिनध्यायो ॥श्री०॥४॥

पूर्णानंद केवलो प्रगटे,
परमानंद पद पायो ।
अष्टकर्म छेदी अलवेसर,
सहजानंद समायो ॥श्री०॥५॥

नित्यानंद निराश्रय निश्चल,
निर्विकार निर्वाणी ।
निरांतक निरलेप निरामय,
निराकार वरनाणी ॥श्री०॥६॥

एवो ज्ञान समाधि संयुत,
श्री नेमिश्वर स्वामी ।
पूरण कृपा "विनयचंद" प्रभु की,
अब तो ओलख पामी ॥श्री०॥७।

२३-श्री पार्श्वजिन-स्तवन

(जीवरे शीयल तणो कर संग-यह देशी)

जीवरे तू पार्श्व जीनेश्वर वन्द ॥ टेर ॥

"अश्वसेन" नृप कुल तिलोरे,
"बामा दे" नो नंद ।
चिंतामणि चित में बसेरे,
दूर टले दुःख द्वंद ॥जीवरे०॥१॥

जड़ चेतन मिश्रित पणेरे,
करम सुभासुभ थाय ।
ते विभ्रम जग कल्पनारे,
आतम अनुभव न्याय ॥जीवरे०॥२॥

वेहमी भय माने जथारे,
सूने घर वैताल ॥
ज्यूँ मूरख आतम विषेरे,
मान्यो जग भ्रम जाल ॥जीवरे०॥३॥

सर्प अंधारे रासड़ीरे,
रूपो सीप मझार ।

मृगतृष्णा अंबू मृषारे,
त्यूँ आतम में संसार ॥जीवरे॥४॥

अग्नि विषे ज्यूँ मणि नहीं रे,
मणि में अग्नि न होय ।
सपने की संपति नहीं,
ज्यूँ आतम में जग जोय ॥जीवरे॥५॥

बांझ पुत्र जनमे नहीं रे,
सींग शशै सिर नाय ।
कुसुम न लागे व्योम मेंरे,
त्यूँ जग आतम मांय ॥जीवरे०॥६॥

अमर अजोनी आतमारे,
है निश्चे तिहुं काल ।
"विनयचंद" अनुभव थकीरे,
तू निज रूप सम्हाल ॥जीवरे०॥७॥

२४–श्री महावीरजिन–स्तवन

(श्री नवकार जपो मन रंगे-यह देशी)

श्री महावीर नमो वरनाणी,
शासन जेह्नो जाणरे प्राणी ।
धन धन जनक 'सिद्धरथ' राजा
धन 'त्रसलादे' मातरे प्राणी ॥श्री०॥१॥

ज्याँ सुत जायो गोद खिलायो,
'वर्धमान' विख्यातरे प्राणी ।
प्रवचन सार विचार हिया मे,
कीजे अरथ प्रमाणरे प्राणी ॥श्री०॥२॥

सूत्र विनय आचार तपस्या,
चार प्रकार समाधरे प्राणी ।
ते करिये भवसागर तरिये,
आतम भाव अराधरे प्राणी ॥श्री०॥३॥

ज्यों कंचन तिहु काल कहीजे,
भूषण नाम अनेकरे प्राणी ।

त्यों जगजीव चराचर जोनी,
हि चेतन गुण एकरे प्राणी ॥श्री०॥४॥

अपनो आप विषै थिर आतम,
सोहं हंस कहायरे प्राणी।
केवल ब्रह्म पदारथ परिचय,
पुद्‌गल भरम मिटायरे प्राणी ॥श्री०॥५॥
शब्द रूप रस गंध न जामें,
नास परस तप छांहरे प्राणी।
तिमर उद्योत प्रभा कछु नाहीं,
आतम अनुभव मांहिरे प्राणी ॥श्री०॥६॥
सुख दुःख जीवन मरन अवस्था,
ए दस प्राण संगातरे प्राणी।
इनथी भिन्न 'विनयचन्द' रहिये,
ज्यों जलमें जलजातरे प्राणी ॥श्री०॥७॥

॥ कलश ॥

चौवीस तीरथ नाथ कीरति,
गावतां मन गहगहे।

कुमट 'गोकुलचन्द' नन्दन,
'विनयचन्द' ईणपर कहे ॥
उपदेश 'पूज्य हमीर मुनिको'
तत्व निज उरमें धरो ॥
उगणीस सौ छः के छमच्छर,
महास्तुति पूरण करी ॥

(भजन)

मानव तन को पायी
हो हो करणी करलो ॥टेर॥
लक्ष चौरासी में भटकत आया,
चिंतामणि सम नरतन पाया,
इसको सार्थक करलो
हो हो करणी करलो ॥मा०॥१॥
दुर्व्यसनों में व्यर्थ हि फंसकर,
प्राप्त समय को यों ही गमाकर,

पुण्य कलश मत ढोलो
हो हो करणी० ॥मा०॥२॥

कौन हूँ मैं और कहाँ से आया,
अपने संग में क्या क्या लाया;
ऐसा विचार जरा करलो
हो हो करणी० ॥म०॥३॥

सब स्वार्थ की ही है माया,
इस में दिलको क्यों उलझाया;
जिन चरणन मन धरलो
हो हो करणी० ॥मा०॥४॥

'श्रेयस्कर' की यह ही कामना,
अपना करतव पालन करना,
पाप कर्म सब टालो
हो हो करणी० ॥मा०॥५॥

(भजन)

मनवा कह्योना करे।
प्रभु पद पद्म में प्रेम न राखे,
अघ मग फिरत फिरे ॥टेर॥
सब अनरथ को मूल विषय है,
जानत ताहि परे;
मूढ़ भूड सम विषय कीच में,
फसकर के है मरे ॥म०॥१॥
संयम अमृत रस नहीं चाखे,
विषय विष पान करे,
प्रेम सहित सद्गुरु समझावें,
तोय न समझ परे ॥म०॥२॥
श्री जिनवाणी अति सुखदेनी
श्रवण न नित्य करे;
पूरण सद्गुरु योग मिल्यो है,
भटकत है कित रे. ॥म०॥३॥

भटकत-भटकत खोय दियो,
सब दुःख हि संचिधरे
संयम मंदिर में जो डोलो,
दुःख मिटे सगरे. ॥म०॥४॥

गुरु पद पद्म में मन मधुकर,
यों हर्ष सहित विचरे,
'श्रेयस्थर' समता सुगंध से,
बनकर मस्त फिरे ॥म०॥५॥

(भजन)

विनय सुनो जिनराज
हमारी विनय सुनो ॥टेर॥
भम्यो निरंतर भव बंधन में,
झूठे जग के संबंधन में;
जरयो क्रोध आदिक इंधन में,
अब राखो मम लाज ॥हमा०॥१॥

काम अनारज मैंने कीना,
हूँ अजान सबहि विध हीना,
दीजै अभय जानि जन दीना,
दीन दयालु महाराज ॥हमा०॥२॥

सुख दुःख रोग वियोग सहूँगा,
प्रीति सुधारस नित्य पिऊंगा,
इन्द्रिय मन को वश में करूँगा,
जिससे सुधरे काज ॥हमा०॥३॥

शरण त्याग मैं नहिं विचरूँगा,
प्रेम सहित तव नाम जपूंगा,
तव अनुशासन शीष धरूँगा,
आप मेरे शिरताज ॥हमा०॥४॥

चरण कमल में प्रीति रहेगी,
जगकी तनिक न भीति रहेगी;
'श्रेयस्कर' की नीति रहेगी,
ज्ञान चरण अनुराग ॥हमा०॥५॥

(तर्ज- पूजारी मोरे मदिर में आओ)

जिनेश्वर! मन मन्दिर में आओ,
डूबत है नैया यह मेरी,
भव सागर मे, बचाओ ॥जिनेश्वर०॥टेर॥

नीर अपार न तीर दिसे है,
कुछ तो धैर्य बंधाओ।
मोह भंवर मे नैया पड़गई,
अबतो पार लगाओ. ॥जिनेश्वर०॥१॥

दीन दयालु विरुद तिहारो,
सो तो ध्यान में लाओ।
डूबे चाहे नैया मेरी,
अपना विरुद बचाओ ॥ जिनेश्वर०॥२॥

नाथ अनाथ के तुम हो स्वामी,
मोसो अनाथ बताओ।
'श्रेयस्कर' को पूर्ण भरोसो,
आओ प्रभु तुम आओ ॥ जिनेश्व०॥३॥

(तर्ज–मैं वनकी चिडिया वनके बनवन डोलूँ रे)

मैं रात दिवस निज मुख से,
जिन गुण गाऊं रे
मैं निर्मल मन मंदिर मे,
उनको बिठाऊं रे ॥टेर॥

मैं जग से नाता तोड़ूं,
जिनवर से प्रीती जोड़ूं.
रागद्वेष और मोह जनित,
सब सुख से मुखडा मोड़ू
नित गुण गाऊं रे ॥मैं०॥१॥

चाहे घोर बिपत्ति आवे,
अथवा कोई ललचावे,
ध्येय से अपने मुझे न कोई,
कभी डिगाने पावे,
'श्रेय' ही ध्याऊं रे ॥मैं०॥२॥

(तर्ज–रसिया बधावो भैया)

आओ अहिंसा देवी दर्शन देवो हो ॥टेर०॥

हिंसा ने राज्य जमाया,
जग मे ताण्डव फैलाया।
चहुं और दुःख ही छाया,
दर्शन देवो हो ॥आओ०॥१॥

हो तुम्ही जगत की माता,
देती सब को सुख साता।
तुम ही से हिन्द सुहाता,
दर्शन देवो हो ॥आओ०॥२॥

सब ही तेरे गुण गावें,
न्योछावर हो हो जावें।
'श्रेयस्कर' को यह भावे,
दर्शन देवो हो ॥आओ०॥३॥

(तर्ज–जाओ–जाओ अय मेरे साधु रहो गुरु के

आओ आओ अय शान्ति प्रभुजी
शान्ती के दातार

आते ही माता के गर्भ में
दूर किया जग रोग।
शान्ति शान्ति की थी सब भू पर
हर्षे थे सब लोग ॥आओ०॥१॥
जैसे रक्षा की कपोत की
कर सब दुःख का नाश।
त्रिविध दुःखमें मैं तो फँसा हूँ
एक तुम्हारी आश ॥आओ०॥२॥
भटकत आया दशों दिशा में
मिला न तुमसा नाथ।
आया शरण मे है 'श्रेयस्कर'
पकडो मेरा हाथ ॥आओ०॥३॥

(भजन)

जैन दुनिया को अब हम जगा जायंगे।
वीर स्वामी का संदेश सुना जायगे ॥टेर॥
बनके पूर्ण अहिंसा से बलवान हम,
लेके सत्याग्रह की हाथ तलवार हम,
धर्म विध्वंसियों को हरा जायंगे ॥जैन०॥१॥

जो वाधक हैं उन्नति में कुरूढ़ियां,
नष्ट करके वना देंगे सुरीतियां.
मार्ग जैनत्व का हम दिखा जायंगे ॥जैन॥२॥
जो हैं भाई हमारे से विछड़े हुवे,
शुद्ध करके उन्हे फिर मिलाते हुवे,
जैन जनता की संख्या वढ़ा जायंगे ॥जैन॥३॥
धर्म देश समाज की रक्षा करें,
विघ्नसंतोषि आकर जो विघ्न करें,
प्राण देकर के उनको हटा जायंगे ॥जैन॥४॥
भावना यह हमारी सदा ही रहे,
विश्व प्रेम वढ़ाकर सुखी सव रहें,
इस प्रणको 'श्रेयस्कर' निभा जायंगे ॥जैन॥५॥

(तर्ज-वातें सुनलो सावरिया हमारी रे)
विन्ती सुनलो प्रभुजी हमारी रे ॥टेर॥
जवसे स्वरूप ध्यानमें आया है तुम्हारा-
तव ही से हमें ज्ञात हुवा रूप हमारा.
समझो समता है मेरी तिहारी रे ॥विन्ती॥१॥

पैदा हो मेरे ही में मुझे खूब फंसाया-
इन राग द्वेष मोहने हमको है सताया,
वैठो तृष्णा भी जाल पसारी रे ॥विन्ती॥२॥

फंसकर के इनके जालमें मैं दीन वनगया-
सव धर्म धन को खोदिया मैं हीन वनगया,
प्रभो ऐसा हुवा मैं अनारी रे ॥विन्ती॥३॥

तुम दीन के दयालु हो अनाथ नाथ हो-
है प्रार्थना यही कि 'श्रेयस्कर' सनाथ हो,
इक आशा लगी है तुम्हारी रे ॥विन्ती॥४॥

(तर्ज-तुम्हीने मुझको प्रेम सिखाया)

वीर प्रभुने धर्म सिखाया,
मोह नींद से सब को जगाया ॥टेर०॥
शुद्ध अहिंसा पाठ पढाया,
स्याद्वादामृत पान कराया,
तार्थ के स्थापनहार जिनजी. वीर० ॥१॥

मेघ कुंवर आदिक मुनि तारे,
अर्जुनमाली से सुद्धारे,
कौशिक के तारन हार जिनजी. वीर० ॥२॥

चंदनबाला के दुःख निवारे,
अबतो 'श्रेयस्कर' है द्वारे,
आपही का आधार जिनजी. वीर० ॥३॥

(तर्जः—लाखों सलाम)

श्री ऋषभदेव भगवान
तुमको लाखों प्रणाम
श्री आदिनाथ जिनराज
तुमको लाखों प्रणाम ॥टेर॥

भोगभूमि को कर्मभूमि कर
पुरुषारथ की शक्ति बताकर
उद्यमरत जीवों को बनाकर
सब दुःख भंजनहारी ॥तुम०

सिखा पुरुष को कला बहत्तर
चौंसठ कला युक्त नारी कर
नीतिधर्म की राह दिखाकर
बनगये जग हितकारी ॥तुम०॥२॥

कर्म धर्म अनुसार तुम्हीने
चारवर्ण संस्थापित कीने
यथायोग्य सब कारज दीने
राजनीति निर्धारी ॥तुम०॥३॥

आलस प्रमाद रिपु को मारा
पुरुषारथ व्रत तुमने धारा
फिर सारा संसार सुधारा
हुए जगत दुःखहारी ॥तुम०॥४॥

शुद्ध संयमी प्रभुजी बनकर
हुए केवली अरु तीर्थंकर
शरण में आया है 'श्रेयस्कर'
चरणन की बलिहारी ॥तुम०॥५॥

(तर्जः—लाखों सलाम)

श्री महावीर भगवान
तुम को लाखों प्रणाम
श्री वर्द्धमान जिनराज
तुम को लाखों प्रणाम ॥टेर०॥

तत्व अहिंसा का बतलाया
विश्वप्रेम का पाठ पढाया
हिंसा पाप को मार भगाया
जैनधर्म उद्धारी ॥तुम०॥१॥

मात पिताकी भक्ति सिखाकर
भ्रातृ प्रेम का पाठ पढाकर
नीचजनों को उच्च बनाकर
जग समता विस्तारी ॥तुम०॥२॥

स्याद्वाद सिद्धान्त बताया
मिथ्यामत पाखण्ड हटाया
शुद्ध मार्ग ऐसा बतलाया
मिले मोक्ष सुखकारी ॥तुम०॥३॥

राजपाट सुख सम्पति तजकर
चार सहस संग संयम लेकर
तप में अपना जीवन देकर
तीर्थंकर पद धारी ॥तुम०॥४॥

'श्रेयस्कर' का है यह कहना
वर्द्धमान शिक्षा सिर धरना
जीवन को संयम मय करना
मिले मुक्ति सुखकारी ॥तुम०॥५॥

जैन-प्रकाश पुस्तक माला पुष्प — १

अनुकम्पा-विचार

जिसे

श्री साधुमार्गी-जैन पूज्य श्री १००८ श्री हुक्मीचन्दजी महाराज की सम्प्रदाय के वर्तमान आचार्य

श्री १००८ श्री जवाहिरलालजी

महाराज ने भोले-जीवों के लाभार्थ रचा।

संग्रहकार —

पं० भवानीशंकर दीक्षित।

प्रकाशक —

मानमल सुराणा

नयावास, ब्यावर (राजपूताना)

प्रथम बार ५००० | वीर सं० २४५६ विक्रम सं० १९८७ | मूल्य

प्रकाशक—

मानमल सुराणा
नयावास
ब्यावर (राजपुताना)

स्थली-प्रदेश में पुस्तक मिलने का पता—
श्री० छोटेलालजी यति,
मु० सुजानगढ़
जिला बीकानेर

मुद्रक
११ फार्म सस्ता-साहित्य प्रेस, अजमेर २०१-८-३०
१ फार्म (भूमिकादि) डायमण्ड जु० प्रेस, अजमेर।

प्राक्कथन

हमारे कई एक जैन नामधारी भाइयों ने अपने उल्टे सिद्धान्तों द्वारा दया-दानादि जैन-धर्म के मूल-तत्वों का जिस निर्दयतापूर्वक विरोध किया है, उसे देखते हुए कहना पड़ता है, कि भगवान-महावीर के पवित्र सिद्धान्तों की इन निर्दय-सिद्धान्तों से रक्षा करना प्रत्येक धर्म-प्राण जैनधर्मावलम्बी का कर्त्तव्य होगया है। मारवाड़-मेवाड़ की लगभग ६० हजार जनता, आज तर्क-वितर्क और शास्त्रीय-ज्ञान से शून्य होकर, इस प्रकार के शास्त्रविरुद्ध-सि

को आँख मूँदकर मानती है। ऐसी जनता, प्राय. शिक्षित नहीं है, बल्कि अन्धविश्वासी-है। या, यों कह सकते हैं, कि वह मारवाड़ी-भाषा में बनीहुई ढालों के जाल में फँसी हुई तड़फड़ा रही है, उद्धार का साधन तर्क-वितर्क करने या शास्त्र देखने की उसे मुमानियत है। उसके, धार्मिक-ज्ञान की वृद्धि का केवल एक ही साधन बाक़ी रह गया है, और वह है—अनुकम्पादि विषयों की ढालें। इन ढालों में, जैन-धर्म के सिद्धान्तों का रूप जैसा विकृत कर दिया गया है, उसे देखकर दु ख होता है। जो अनुकम्पा, जैनधर्म का प्राण है, उसे सावद्य (पापपूर्ण) कहकर ऐसे लोगों ने धर्म को अधर्म की शक्ल दे दी है।

इन सारी बातों को दृष्टि में रखकर, बाइस के आचार्य श्री १००८ पूज्य श्री जवा-

हिरलालजी महाराज ने यह आवश्यक समझा, कि इन लोगों की जैन-धर्म विरुद्ध ढालो का उत्तर उसी प्रकार की ढाले बनाकर दिया जावे, जिससे अशिक्षित तथा अर्द्ध-शिक्षित लोगो की समझ में 'सत्य' शीघ्र आसके। पूज्यश्री ने उन ढालों के उत्तर मे शास्त्रीय-प्रमाणयुक्त ढालों की रचना की और व्याख्यान के समय आप उन्हे फरमाने भी लगे। इन ढालों का जनता पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा। इनकी उपयोगिता देखकर, हमारे जी मे यह लालच उत्पन्न हुआ, कि यदि ये ढालें छपकर प्रकाशित होजावें, तो जन साधारण का अत्यधिक कल्याण हो। अतः पूज्यश्री से धारणा कर-करके ये ढालें लिखाई गईं और सब का संग्रह हो जाने पर हमने अपने विचारों को कार्यरूप में परिणत किया।

पूज्यश्री ने, मारवाड मे न तो जन्म ही ग्रहण किया है, न उनकी शिक्षा-दीक्षा ही मारवाड़ मे हुई है। जन्म से लगाकर दीक्षा तथा इसके पश्चात का श्रीमानजी का अधिकांश समय मारवाड़ से वाहर ही वीता है। यही कारण है, कि श्रीजी की भाषा मारवाडी नही है। फिर भी, अपनी अलौकिक प्रतिभा के कारण, आपने थोड़े ही दिनो के भीतर, मारवाड़ी भाषा में बहुत कुछ गति प्राप्त करली है। यदि, इन ढालों को इस मारवाड़ी-भाषा मे न वनाया जाता और खड़ी बोली मे बनाया जाता, तो जिस लाभ को दृष्टि मे रखकर इनका निर्माण किया गया है, उस लाभ से यदि सर्वथा नहीं, तो बहुत अंश में जनता को वंचित रहना पड़ता। क्योंकि प्रत्येक-प्राणी, अपनी मातृभाषा मे—चाहे वह टूटी-फूटी या अशुद्ध ही क्यो न

हो— जितना शीघ्र और अच्छी तरह समझ सकता है, उतना शीघ्र और अच्छी तरह दूसरी भाषा में नहीं समझ सकता। इसलिये पूज्यश्री ने इन ढालों को, उसी भाषा में, उसी तर्ज़ पर और वैसे ही उदाहरण देकर रचना उचित समझा, जैसी भाषा, तर्ज़ और जैसे उदाहरणादि उन ढालों में हैं, जिनका निर्माण अनुकम्पा और दान को पाप बताने के लिये हुआ है। इन ढालो में, पूज्यश्री ने भाषा और कविता पर उतना ध्यान नहीं दिया है, जितना ध्यान ऐसी जनता के हृदय-पट पर अङ्कित जीवरक्षा और दान के विरुद्ध बने हुए दुर्भाव मिटाने पर दिया है।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन द्वारा पूज्यश्री की कवित्व-शक्ति का परिचय देना हमारा अभिप्राय नहीं है, न पूज्यश्री ने इस उद्देश से इन

ढालो की रचना ही की है। अपितु इस ग्रन्थ की रचना और प्रकाशन से यह अभीष्ट है, कि हमारे जिन भोले-भाले भाइयों को, अज्ञान के भयङ्कर-अँधेरे में डाल रखा गया है, उन्हे ज्ञान का प्रकाश प्राप्त हो और वे जैन-धर्म के रहस्य को समझकर, उस ढालरूपी जाल के बन्धन से निकल सके, जिसमे कि अबतक फँसे हुए हैं। अतः पाठक-महोदय, इस पुस्तक को कविता की दृष्टि से न देखकर, भाव की दृष्टि से देखने की कृपा करें और अनुकम्पा-दान को उठाने के लिये ढालों द्वारा जो प्रयत्न किया गया था, उसके सयुक्तिक-खण्डन पर शान्ति और गम्भीरतापूर्वक विचार करके, इस पुस्तक और पूज्य-श्री के परिश्रम से लाभ उठावे।

पूज्यश्री ने, यद्यपि शास्त्रीय-दृष्टि से ही इन ढालों की रचना की है, तथापि, संग्राहक, प्रूफ-

संशोधक या अन्य किसी कार्यकर्त्ता की असावधानी से यदि कहीं कोई त्रुटि रहगई हो, तो इसके लिये कार्यकर्त्ता जिम्मेदार हैं। यदि, कोई सज्जन, इस पुस्तक में कोई ऐसा दोष देखे, तो सूचित करने की कृपा करें, ताकि अगले संस्करण में वह शुद्ध कर दिया जा सके।

एक वात और। कहीं-कहीं इन ढालों में वड़े कड़े हेतु देने पड़े हैं। किन्तु विवशता थी। वैसा किये बिना, काम चल ही नहीं सकता था। क्योंकि जिन ढालों के उत्तर में इन ढालो की रचना की गई है, उनमें वही हेतु, प्राय: उसी स्थान पर उसी ढङ्ग से दिये गये हैं। अत: यह प्रयत्न किया गया है, कि उनका कुतर्क उन्हीं के झूठे-सिद्धान्तों के लिये घातक सिद्ध हो।

अन्त मे, हम यह कह देना भी उचित समझते हैं, कि पूज्यश्री के अथवा हमारे हृदय

मे, ऐसे भाइयों पर, उनके इस अज्ञान के कारण अत्यन्त दया है। इस ग्रन्थ मे, ढालों की रचना द्वारा जो प्रयत्न किया गया है, वह केवल अनुकम्पा-घातक, धर्म-विरोधी विचारो के साथ हमारा अतिशय तिरस्कार है। परन्तु उन विचारो को रखनेवाली आत्माओ के साथ हमारा तनिक भी विरोध नही है, प्रत्युत उनकी आत्मा के साथ पूर्ण सहानुभूति और मित्रता है। उसी आन्तरिक-दया की प्रेरणा से, रोगी को कटु-औषधि देकर उसका रोग शांत करने के प्रयत्न के समान, यह ग्रन्थ निर्माण किया गया है। इसलिये हमारी सब बन्धुओ से सविनय प्रार्थना है, कि द्वेष-दृष्टि को अलग रखकर, मैत्री भावना से इसे पढ़े और हितशिक्षा ग्रहण करे। उन्हे, निष्पक्ष-दृष्टि से यह विचारना ५, कि जीवरक्षा, जैन-धर्म का ही एक

अंग है, या पापपूर्ण कार्य और जैन-शास्त्र उसका समर्थन करते हैं, या विरोध। साथ ही, यह भी देखें, कि उन्हे कैसे गहरे-गड्ढे में डाल रखा गया है, जहाँ से उनका बिना तर्क-वितर्क किये कदापि छुटकारा नहीं है। हमारा विश्वास है, कि बुद्धिमान लोग तुलनात्मक-दृष्टि से ही इस ग्रन्थ का अध्ययन करेंगे। किमधिकम्।

नया-वास,
ब्यावर
श्रावण शुक्ला १५
वीर सं० २४५६
विक्रमी सं० १९८७

प्राणिमात्र का हितेच्छु
मानमल सुराणा

विषय-सूची

पहली ढाल के दोहे

नाम विषय	दोहे से दोहे तक
अनुकम्पा का स्वरूप और उसके किये गये भेदों का उत्तर—	१—१४

ढाल पहली

१—अधिकार मेघकुँवर का—	पेज	३
२—श्री नेमनाथजी का करुणा अधिकार—	,,	६
३—धर्मरुचिजी का करुणा अधिकार—	,,	१२
४—श्री महावीर स्वामी की गोशालक पर अनुकम्पा का अधिकार—	,,	१७

पेज

५—जिनऋषि का अधिकार— २४
६—हिरणगमेषी का अधिकार— २७
७—अधिकार हरिकेशी मुनि का— २८
८—धारणी की गर्भ विषयक अनुकम्पा का अधिकार— ३०
९—अधिकार कृष्णजी की वृद्ध विषयक अनुकम्पा— ३४
१०—अधिकार धूप में पड़े हुए जीवों के सम्बन्ध में— ३९
११—अभयकुमार की अनुकम्पा का अधिकार— ४२
१२—अधिकार पशु बाँधने छोडने का— ४४
१३—अधिकार व्याधि मिटावण विषयक— ५३
१४—अधिकार साधु की लब्धि से साधु की प्राण रक्षा का— ६१

१५—अधिकार मार्ग भूले हुए को साधु पेज
किस कारण रास्ता नहीं बतावे— „ ६४

दूसरी ढाल के दोहे

दोहे से दोहे तक

साधु, अनुकम्पा के लिए अपना कल्प नहीं तोड़ते जिस प्रकार वन्दन के लिए नहीं तोड़ते हैं— १–८

सावज कारणों के सेवन से, वन्दन की तरह अनुकम्पा भी सावज नहीं है, साधु अपने कल्प के अनुसार ही अनुकम्पा करते हैं— ९–२२

ढाल दूसरी

१—अधिकार जीवाँ री दया खातर पेज
दयावान मुनि ने बाँधने-छोडने का— ७०
२—अधिकार लाय बचाने का— ७

३—अधिकार अपराधी को निरपराधी कहने का— पेज ७७
४—अधिकार जीवणा-मरणा वांछणे का— ८४
५—अधिकार शीत तापादि वंछवा आसरी— ८७
६—अधिकार नौका का पानी बताने का— ९०

तीसरी ढाल के दोहे

दोहे से दोहे तक
धर्म के लिए जीना-मरना चाहनेवाले सत्यधारी शूरमा हैं— १—५

ढाल तीसरी

१—अधिकार मेघरथ राजा का पारेवा पर दया करने का— पेज ९५
२—अधिकार अरणकजी की अनुकम्पा का— ९९

पेज

३—अधिकार माता बचाने से चुलणी पिया के व्रतादि का भंग कहने-वालों को उत्तर— १०६

शूरादेव का दाखला ११२

४—अधिकार 'नमीराज ऋषि ने अनुकम्पा नहीं की', ऐसा कहनेवालों के लिए उत्तर — ११६

५—अधिकार 'नेमिनाथजी ने गजसुकुमाल की अनुकम्पा नहीं की', ऐसा कहनेवालों को उत्तर — १२१

६ —अधिकार वीर भगवान के उपसर्ग दूर करने में पाप कहते हैं, उसका उत्तर — १२५

७—अधिकार 'द्वीप समुद्रों की हिंसा देवता क्यों नहीं मेटे ?' इसका उत्तर—

पेज

८—अधिकार कोणिक-चेड़ा का संग्राम मिटाने में पाप कहते हैं, इसका उत्तर— ,, १३८

९—अधिकार समुद्रपालजी ने चोर पर अनुकम्पा नहीं करी कहते, हैं, उसके विषय में — ,, १४३

चौथी ढाल के दोहे

दोहे

त्रिविध हिंसा के समान त्रिविध रक्षा को पाप कहनेवालों के विषय में— १—११

चौथी ढाल

गाथा से गाथा तक

भैंसे और जीवपूर्ण तालाब की कुयुक्ति का तथा पाप मेटने में पाप कहते हैं इसका [उत्त]र— १—२६

गाथा से गाथा तक

सहायता, सम्मान देकर मिथ्यात्वी को समकिती बनाने में पाप कहते हैं, इसका उत्तर— २७-३३

पांचवीं—ढाल

चोर, हिंसक, लम्पट को केवल उनका पाप छुड़ाने के लिये उपदेश देते हैं, ऐसा कहनेवालों को उत्तर— १-११

मरते हुए बकरे का कर्ज चुकता है, ऐसा कहनेवालों को उत्तर— १२-२२

बकरा और धन एक समान होने से उनके लिए उपदेश नहीं देते हैं, ऐसा कहनेवालों को उत्तर— २३-२९

मरते जीव के लिये उपदेश देने से उनकी निर्जरा होती बन्द हो जाती है, ऐसा कहनेवालों को उत्तर— २

गाथा से गाथा तक

'परस्त्री-पापी को उपदेश देकर पाप छुड़ाने से जारणी-स्त्री कुँए में गिरपड़ी, इसी तरह हिंसक को उपदेश देने से बकरे बच गये, बकरा बचा और स्त्री मरी, ये दोनों समान हैं, यदि एक का धर्म श्रद्धो, तो दूसरे का पाप भी मानो,' ऐसा कहने वालों को उत्तर— ४८—६९

जीवों के लिये उपदेश नहीं देते, एक हिंसक को समझाकर घणे जीवों के क्लेश नहीं मिटाते, ऐसा कहनेवालों को उत्तर— ७०—७४

छः-काया के घर शान्ति नहीं होवे ऐसा कहनेवालों को उत्तर मय चित-श्रावक के दाखले के — ७५—११६

छठी ढाल के दोहे—

दोहे से दोहे तक

१—जीव बचाना और सत्य बोलने का स्वरूप — १–६

२—सत्य सावद्य-निरवद्य होता है, परंतु अनुकम्पा निरवद्य ही होती है— ७–१३

ढाल—छठी

गाथा से गाथा तक

१—छःकाया की रक्षा में पाप कहते हैं, उसका उत्तर — १–११

२—साधु की उपधि से मरते हुए जीव बचाने का विचार— १२–२३

३—श्रावक के पेट पर हाथ फेरने का कहते हैं, उसका उत्तर— २४–३२

४—बिल्ली से चूहे को नहीं छुडाना कहते हैं, उसका उत्तर— ३३–४१

५—श्रावक को मरते से बचाने का निषेध करते हैं, उसका उत्तर—

गाथा से गाथा तक

६—लट, गजायादि जीव पशुओं से मरते साधु वचाने क्यों न जाय ? इसका उत्तर— ५२–६२

७ –गोशाला वचाने में भगवान को चूके, तथा साधु को लब्धिमात्र फोडने में पाप वताते हैं, उसका उत्तर— ६३–९१

८—गोशाला को वचाने से मिथ्यात बढना कहते हैं, उसका उत्तर— ९२–९८

९—दो साधु को भगवान ने नहीं वचाये उसके विषय में— ९९–११०

सातवीं ढाल के दोहे—

१ - सबल से निर्वल को वचाने में पाप कहते हैं, उसका उत्तर— दोहे १–३

पुण्य और धर्म मिश्र होते हैं या नहीं इसका स्वरूप— ४–२८

ढाल—सातवीं

गाथा से गाथा तक

१—सात दृष्टान्तों का खण्डन—गाजर मूला आदि खिलाकर जीव बचाने का कहते हैं, उसका उत्तर तथा अग्नि का, पानी का, हुक्के का, मास खाने का, मुर्दा खिलाने का, मनुष्य मारकर मनुष्य बचाने का दृष्टान्त देकर दया उठाते हैं, उसका उत्तर— १—५२

२—व्यभिचारादि दुष्कृत्यों-द्वारा जीव छुड़ाना कहते हैं, उसका उत्तर— ५४—६५

३—कसाई को मारकर जीव बचाना कहते हैं, उसका उत्तर— ६६—७२

४—श्रेणिक राजा ने पड़हा पिटाकर "अमारी" धर्म की घोषणा कराई, इसमें पाप कहते हैं, उसका उत्तर—

— गाथा से गाथा तक

५—दो वेश्याओ का दृष्टान्त देते है, उसका उत्तर - १२०—१६०

७—दो वेश्याओं के दूसरे दृष्टान्त का खण्डन— १६१—१६८

८—जीव मारे नहीं मरता है, इसलिये उसकी रक्षा में धर्म नहीं, इसका उत्तर तथा त्रसथावर की हिंसा सरीखी कहते हैं, इसका उत्तर १६९—१७४

९—पैसे से ममता उतारकर जीव बचाने-वाले को पाप कहते हैं, उसका उत्तर १७५—१८१

आठवीं ढाल के दोहे—

दोहे से दोहे तक

स्वदया और परदया दोनों शास्त्र [illegible] हैं— १—५

ढाल आठवीं

	गाथा से गाथा तक
लाय में बलते जीव को बचाने में पाप कहते हैं, उसका उत्तर —	१—१०
औषधि देने में पाप कहते हैं, उसका उत्तर —	११—२०
"उपदेश देकर 'हिंसा' छुड़ाते हैं" ऐसा कहने वालों को उत्तर —	२१—३७
"अकृत्य करते समय 'पाप छुड़ाने' को उपदेश देते हैं", ऐसा कहने वालों को उत्तर —	३८—४८
"श्रावक के पैर से जङ्गल में जीवों की घात क्यों नहीं छुड़ाते", ऐसा कहने वालों को उत्तर—	४९—६४
"गृहस्थ की उपधी से जीव मरते हैं, उन्हें छुड़ाने क्यों नहीं जाते हो", ऐसा कहने वालों को उत्तर —	

गाथा से गाथा तक

"समवसरण में आते जाते मनुष्यों से जीवों की घात होती थी और श्रेणिक के बछेरे ने डेंडके के रूप मे आते हुए नन्दन मनिहार को चींथ डाला। इनको बचाने महावीर स्वामी ने साधु क्यों नहीं भेजे ?" ऐसा कहने वालों को उत्तर — ७४—८४

साधु श्रावक की एक अनुकम्पा है, ऐसा कहनेवालों का विचार — ८५—९३

वर्तमानकाल में मरते जीव को बताना पाप है, ऐसा कहनेवालों को उत्तर ९४—१०२

लाय में जलते हुए जीव कर्मों की निर्जरा करते हैं, ऐसा कहनेवालों को उत्तर १०३—१०८

अल्पारम्भ गुण में नहीं है, ऐसा कहनेवालों को उत्तर — १०९—१२१

लाय बुझाने का अल्पारम्भ यदि —गाथ में है, तो साधु बुझाते क्यों नहीं ! ऐसा कहने वालों को उत्तर — १२२—१३२

गाथा से गाथा तक

आग बुझाना और कसाई को मारना एक सरीखा कहते हैं, उनको उत्तर— १३३–१४२

ढाल नवमी

दया के साठ नाम— १–२५

त्रिविधि से जीव रक्षा करने में पाप कहते हैं, उसका उत्तर— २६–३५

रक्षा करने में जीव मरते हैं, अत. रक्षा पाप है. ऐसा कहनेवालों को उत्तर ३६–५५

"साधु को जीव नहीं बचाने तथा रक्षा को भली नहीं समझनी" ऐसा कहनेवालों को उत्तर— ५६–६१

जीव का जीना नहीं चाहते, सिर्फ घातक का पाप टालना चाहते हैं, ऐसा कहनेवालों को उत्तर— ६२

गाथा से गाथा तक

"त्रिविधे-त्रिविधे जीव रक्षा न करणी"
का उत्तर— ७०–७५

प्राणी, भूत, जीव, सत्व की रक्षा मे
एकान्त-पाप कहते है, उसका उत्तर— ७६–८३

धर्म के कार्य मे आरम्भ करने से
समकित जाती है, ऐसा कहनेवालों को
उत्तर— ८४–९१

साधर्मी वत्सलता को एकान्त-पाप
कहनेवालों को उत्तर— ९२–९१

जीवों का दु:ख मिटाने में एकान्त
पाप कहते हैं, उसका उत्तर— ९८–१०५

धर्मकार्य में हिंसा करने से बोध का
बीज नष्ट होता है, ऐसा कहनेवालो को
मकान के उदाहरण सहित उत्तर— १०६–१०९

"दर्शन को धर्म में और हिंसा को
पाप मे अलग-अलग मानते हैं" उसका
— ११०–११७

गाथा से गाथा तक

"यदि आरम्भ से उपकार होता है,
तो झूठ चोरी से भी होना चाहिए"
ऐसा कहने वालों को उत्तर— ११८–१२४

दया का स्वरूप— १२५–१२९

अनुकम्पा विचार

श्रीमज्जवाहिराचार्य
विरचितम्

ॐ अर्हम्

अनुकम्पा-विचार

दोहा

करुणा वरुणालय प्रभो, मङ्गलमूल अनन्त।
जय-जय जिनवर विबुधवर, सुखमय सुषमावन्त॥ १॥
अनन्त जिन हुआ केवली, मनपर्य्यव मतिमन्त।
अवधिधर मुनि निर्मला, दशपूर्व लगि सन्त॥ २॥
आगम धारिया ये सहू, भाषे आगम सार।
वचन न श्रद्धे तेहना, ते रुलसे संसार॥ ३॥
